समाचार

आयुक्त के नियमित शहर भ्रमण से विकास कार्यो को मिल रही गति, जनसमस्याओं का हो रहा त्वरित निराकरण

(आज वार्ड क्र. 23, 25, 26, 27 के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण कर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने प्रगतिरत विकास कार्यो व साफ–सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण)

(डोर–टू–डोर पहुंचकर लोगों से हुए रूबरू, साफ–सफाई कार्यो पर की चर्चा, जानी गली–मोहल्ले की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश)

कोरबा 26 दिसम्बर 2024 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के नियमित रूप से शहर भ्रमण करने एवं वार्ड व बस्तियों में अधिकारियों की टीम के साथ दस्तक देने के परिणाम स्वरूप शहर के विकास कार्यो को लगातार गति मिल रही है, वहीं दूसरी ओर जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण भी हो रहा है। इसी कड़ी में आज आयुक्त श्री पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 23, 25, 26 व 27 के विभिन्न मोहल्लों, बस्तियों का भ्रमण किया, प्रगतिरत विकास कार्यो को देखा तथा साफ–सफाई कार्यो का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अपनी चिरपरिचित कार्यशैली के अनुरूप अधिकारियों की टीम के साथ शहर भ्रमण पर निकले आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय वार्ड क्र. 23 पं.रविशंकर शुक्ल नगर पहुंचे, जहॉ पर कपिलेश्वर महादेव मंदिर के समीप विधायक मद से शेड निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया है, आयुक्त ने कार्य का निरीक्षण किया तथा गुणवत्ता को देखा। उन्होने पं. रविशंकर शुक्ल नगर की विभिन्न गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए, साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया, वार्ड वासियों से रूबरू होकर निगम के साफ–सफाई कार्यो पर चर्चा की तथा उनकी समस्याओं की जानकारी ली, इस मौके पर वार्ड पार्षद श्री अब्दुल रहमान भी उपस्थित थे। इसी कड़ी में आयुक्त श्री पाण्डेय वार्ड क्र. 25 नेहरूनगर पहुंचे, जहॉ पर निगम द्वारा नाली का निर्माण कार्य, बाईपास रोड के किनारे बाउण्ड्रीवाल निर्माण सहित अन्य विकास कार्य कराए जा रहे हैं, आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन प्रगतिरत कार्यो का निरीक्षण किया, गुणवत्ता को देखा तथा समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिए। वार्ड क्र. 27 जे.पी.कालोनी के हाई स्कूल में जिला खनिज न्यास मद से अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जा रहा है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया तथा कार्य में तेजी लाकर समयसीमा में कार्य पूरा किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

आमजन से रूबरू होकर साफ–सफाई पर चर्चा – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने वार्ड के नागरिकों से प्रत्यक्ष रूबरू होकर निगम द्वारा किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो पर चर्चा की, उन्होने नागरिकों से जानना चाहा कि उनके घरों से प्रतिदिन अपशिष्ट का संग्रहण किया जा रहा है या नहीं, जिस पर वार्डवासियों ने बताया कि निगम की स्वच्छता दीदियॉ नियमित रूप से निर्धारित समय पर डोर–टू–डोर भ्रमण करती है तथा कचरे का संग्रहण नियमित रूप से उनके द्वारा किया जा रहा है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने लोगों से साफ–सफाई कार्यो पर चर्चा करते हुए बेहतर स्वच्छता कार्यो हेतु उनके सुझाव भी मांगे, साथ ही वार्ड की समस्याओं की जानकारी ली तथा इनके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

बाउण्ड्रीवाल निर्माण से अतिक्रमण से बचेगी शासकीय जमीन – निगम द्वारा वार्ड क्र. 25 स्थित बाईपास रोड के किनारे–किनारे पूर्वांचल विकास समिति के समीप से प्रेस क्लब तिलक भवन तक बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, कार्य की गुणवत्ता को देखा, इस मौके पर निगम के जोन कमिश्नर व कार्यपालन अभियंता श्री प्रकाश चन्द्रा ने बताया कि उक्त स्थल पर बाउण्ड्रीवाल के निर्माण से वहॉ पर स्थित शासकीय जमीन अतिक्रमण से सुरक्षित रहेगी तथा किसी के द्वारा अवैध कब्जे का प्रयास नहीं किया जा सकेगा।

भ्रमण के दौरान निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता गोयल सिंह विमल, किरण साहू आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।